दिन– बुधवार | दिनांक– 24 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रदेश के दो सौ ग्यारह नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालयों में नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के योग्य शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

02. राज्य के निजी और सरकारी अस्पतालों में व्यापक अग्नि सुरक्षा ऑडिट के लिए जिला स्तर पर संयुक्त टीम का होगा गठन।

03. केंद्रीय चयन पर्षद की ओर से आज प्रदेशभर में विभिन्न केंद्रों पर बिहार पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा का हो रहा है आयोजन।

04. और, मौसम विभाग ने आज उत्तर बिहार के कुछ जिलों में आंधी–बारिश और दक्षिण बिहार में लू की चेतावनी जारी की।

**अब समाचार विस्तार से.........**

---

प्रदेश के दो सौ ग्यारह नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालयों में नौवीं कक्षा से बारहवीं कक्षा तक के योग्य शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। उच्च शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजा है। पत्र में ऐसे सरकारी शिक्षकों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं, जिन्हें नेट, जेआरएफ या पीएचडी की योग्यता प्राप्त हो। इन शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति तीस जून तक कर ली जाएगी। गौरतलब है कि इन नये डिग्री महाविद्यालयों में एक जुलाई से शैक्षणिक सत्र शुरू हो रहा है। इनमें हिन्दी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाज शास्त्र, उर्दू और मैथिली विषयों की पढ़ाई होगी।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय प्लस–टू विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को मेडिकल और इंजीनियरिंग की प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए आईआईटी, पटना के साथ टाईअप करने के निर्देश दिये हैं। पटना में पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग कल्याण की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने ये निर्देश दिये। साथ ही श्री चौधरी ने राज्य के विद्यालयों और छात्रावासों में नामांकित इस वर्ग के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल बनाने का भी

निर्देश दिया है। इस पोर्टल पर किसी भी प्रकार की शिकायत या सुझाव दिये जा सकेंगे।

---

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा है कि मिट्टी जांच की सुविधा पंचायत स्तर पर पहुंचायी जायेगी। श्री ठाकुर ने खेत बचाओ अभियान के तहत पूर्णिया जिले के कठैली गांव में आयोजित कार्यक्रम में किसानों से संवाद के दौरान अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि तीस जून तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य मिट्टी की उपजाऊ शक्ति को बचाना और कृषि लागत को कम करना है।

––साउंड बाइट––

कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए किसानों ने अपने कृषि नवाचारों और सफल प्रयोगों की भी जानकारी साझा की।

---

राज्य के निजी और सरकारी अस्पतालों में व्यापक अग्नि सुरक्षा ऑडिट किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार की उपस्थिति में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. उदयकांत ने बताया कि इसके लिए जिला स्तर पर एक संयुक्त टीम गठित की जाएगी। इस टीम में अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला अग्निशमन पदाधिकारी और प्राधिकरण का एक नामित पदाधिकारी शामिल होगा। यह टीम अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा मानकों, विद्युत सुरक्षा व्यवस्था और फायर रिस्पांस प्लान सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं का निरीक्षण कर विस्तृत प्रतिवेदन तैयार करेगी।

---

राजधानी पटना में गिग वर्कर्स के लिए अत्याधुनिक एसी लाउंज की सुविधा शुरू हो गयी है। नगर विकास और आवास मंत्री नीतीश मिश्रा ने गांधी मैदान और आयकर गोलंबर के पास बनाये गए विशेष एसी लाउंज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डिलीवरी पार्टनर्स से संवाद भी किया। इस दौरान श्री मिश्रा ने बताया कि बैठने की आरामदायक व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, मोबाइल चार्जिंग सहित विभिन्न सुविधाओं से युक्त ये लाउंज गिग वर्कर्स को गर्मी, बारिश और अन्य प्रतिकूल मौसम में राहत प्रदान करेंगे।

——साउंड बाइट——

गौरतलब है कि पटना देश का तीसरा शहर है, जहां गिग वर्कर्स के लिए विशेष एसी लाउंज सुविधा विकसित की गई है।

---

केंद्रीय चयन पर्षद की ओर से आज प्रदेशभर में विभिन्न केंद्रों पर बिहार पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया जाएगा। इसको लेकर सुरक्षा के व्यापाक प्रबंध किय गये है। इधर, रेलवे ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए कई स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि आज अठारह परीक्षा विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जायेगा। ये ट्रेन बख्तियारपुर, राजगीर, नवादा, मुजफ्फरपुर, कटिहार, सुपौल, बेतिया और मधुबनी समेत विभिन्न स्टेशनों के बची चलायी जायेंगी। इधर, रेलवे ने कल भी नौ परीक्षा विशेष ट्रेनों का परिचालन किया था।

---

केंद्र सरकार ने कहा है कि एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है और इसकी निरंतर निगरानी की जा रही है। निगरानी में तेल कंपनियां, वाहन निर्माता, ईंधन परीक्षण एजेंसियां और अन्य पक्ष शामिल हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर इस संबंध में चल रही ख़बरें भ्रामक और निराधार हैं। सरकार ने कहा है कि ई–ट्वेंटी पेट्रोल की शुरुआत के बाद से, एथेनॉल मिश्रण के कारण इंजन की खराबी या वाहन में तकनीकी खराबी की कोई व्यापक शिकायत सामने नहीं आई है।

---

बिहार संग्रहालय ने पिछले वर्ष पांच लाख से अधिक टिकटधारी आगंतुकों का रिकॉर्ड दर्ज किया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बिहार संग्रहालय समिति की शासी निकाय की बैठक में संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समिति नई दिल्ली, गुजराज, ओडिशा और तेलंगाना समेत देशभर में कुल नौ संग्रहालयों के विकास और स्थापना में अहम भूमिका निभा रही है। बैठक में मुख्यमंत्री ने लोक कलाओं से संबंधित डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने समेत कई मुद्दों पर चर्चा की।

---

हज यात्रा दो हजार सत्ताईस के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। बिहार राज्य हज समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद राशिद हुसैन ने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि बीस जुलाई निर्धारित है। आवेदक आधिकारिक वेबसाईट और हज सुविधा ऐप के जरिए आवेदन कर सकते हैं।

---

प्रदेश में मौसम के दो रूख देखने को मिल रहे हैं। एक तरफ उत्तर बिहार में मानसून के प्रभाव से बारिश की परिस्थितयां बनी हुयी हैं। वहीं, दक्षिण बिहार में भीषण गर्मी का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के उत्तरी भागों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। वहीं, बक्सर, भोजपुर, पटना और नालंदा समेत दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण मध्य भाग के जिलों में लू की चेतावनी जारी की है।

––सांउड बाइट––

इधर, विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान कई स्थानों पर अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी का पूर्वानुमान जताया है। इसके बाद अगले तीन दिन के दौरान तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की क्रमिक गिरावट की संभावना है। वहीं, इस अवधि में इकतालीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ कैमूर का भभुआ, प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। इस दौरान बक्सर, गयाजी और शेखपुरा में लू की स्थिति बनी रही।

---

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में हो रही लगातार बारिश के चलते कोसी और महानंदा समेत कई नदियां उफान पर हैं। इसके चलते सहरसा, सुपौल, पूर्णिया और किशनगंज जिले के निचले इलाकों में बाढ़ और कटाव का खतरा मंडराने लगा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्णिया जिले के बैसा प्रखंड में महानंदा का जलस्तर बढ़ने से कटाव शुरू हो गया है। इधर, कोसी नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ ही सहरसा के महिषी और सुपौल के सरायगढ़ भपटीयाही प्रखंड के निचले इलाकों में पानी तेजी से फैल रहा है। वहीं, दरभंगा में कमला बलान नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से खेदहा पंचायत के कुछ गांवों का संपर्क पंचायत मुख्यालय से कट गया है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

---

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार अल नीनो के संभावित दुष्प्रभाव से निपटने के लिए खरीफ फसल के लिए एहतियाती तैयारी कर रही है। श्री चौहान ने नई दिल्ली में कहा कि बिहार समेत देश के विभिन्न राज्यों में अब तक लगभग तैंतालीस प्रतिशत कम वर्षा हुई है और जुलाई में भी मानसून के कमजोर रहने की आशंका है।

––साउंड बाइट––

श्री चौहान ने कहा कि कार्य योजना के तौर पर वैकल्पिक फसलों, कम अवधि वाली किस्मों, फसल विविधीकरण और तालाबों, जलाशयों, चेक डैम, फार्म पॉन्ड और जल संसाधनों के बेहतर उपयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

---

पटना न्याय मंडल की सभी अदालतें उनतीस जून से सुबह दस बजे से शाम पांच बजकर तीस मिनट तक चलेंगी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रूपेश देव के अनुसार प्रातःकालीन अदालत की बैठकें सत्ताईस जून तक ही होंगी। उनतीस जून से सभी अदालतों में दिवाकालीन बैठकें शुरू हो जाएंगी।

---

गृह विभाग– कारा ने पटना स्थित बेऊर जेल में भ्रष्टाचार और अराजकता के मामले में जेल अधीक्षक नीरज कुमार झा समेत आठ को निलंबित कर दिया है। इनमें एक कारा उपाधीक्षक, चार सहायक अधीक्षक और दो हवलदार शामिल हैं।

---

अररिया जिले के नरपतगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक ऑटो रिक्शा से लगभग तेईस किलो गांजा के साथ चालक को गिरफ्तार किया है। यह ऑटो रिक्शा नेपाल से आ रहा था।

पश्चिम चंपारण जिले के कुमारबाग थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने पारिवारिक विवाद के बाद पत्नी समेत तीन बच्चों को नहर में फेंक दिया। हादसे में तीनों बच्चों की डूबने से मौत हो गई, जबकि पत्नी को बचा लिया गया है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है – सभी सरकारी पॉलिटेक्निक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनेंगे।

**प्रभात खबर** ने भरत तिवारी एनकांउटर मामले को पहले पन्ने पर स्थान देते हुए लिखा है – एसडीपीओ और तत्कालीन थानेदार सहित अन्य पुलिस वालों पर हत्या की प्राथमिकी। **दैनिक भास्कर** लिखता है – सीयूईटी में सौ पर्सेंटाइल वाले बीस फीसदी बढ़े, प्रीमियम संस्थानों में दाखिला कठिन होगा। **दैनिक जागरण** ने लिखा है – नेशनल हाईवे पर अब गाड़ी मरम्मत की मिलेगी सुविधा। अखबार लिखता है – एनएचएआई ने दिया क्षेत्रीय कार्यालयों को निर्देश। **राष्ट्रीय सागर** की प्रमुख खबर है – पटना के एक सौ छह कोचिंग संस्थानों को बिहार अग्निशमन विभाग ने थमाया नोटिस। **आज अखबार** के शब्द हैं – अब बिना ट्रेनिंग सर्टिफिकेट नहीं मिलेगा, लाइट मोटर व्हीकल ड्राईविंग लाइसेंस।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश के दो सौ ग्यारह नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालयों में नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के योग्य शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

02. राज्य के निजी और सरकारी अस्पतालों में व्यापक अग्नि सुरक्षा ऑडिट के लिए जिला स्तर पर संयुक्त टीम का होगा गठन।

03. केंद्रीय चयन पर्षद की ओर से आज प्रदेशभर में विभिन्न केंद्रों पर बिहार पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा का हो रहा है आयोजन।

04. और, मौसम विभाग ने आज उत्तर बिहार के कुछ जिलों में आंधी–बारिश और दक्षिण बिहार में लू की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।